**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 05.12.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरु, 8 दिसंबर को पेश होगा अनुपूरक बजट, विधि व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर एक घंटे की होगी विशेष चर्चा।
2. देश के विभिन्न राज्यों से रांची पहुंचे आदिवासी प्रतिनिधियों का मुख्यमंत्री ने किया स्वागत, कहा–संस्कृति की रक्षा, शिक्षा की प्रगति और प्रकृति के संतुलन के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
3. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अब से थोड़ी देर बाद पहुंचेंगे देवघर, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ करेंगे संवाद, कल पार्टी के नवनिर्मित कार्यालय का करेंगे उद्‌घाटन।
4. मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, रामगढ़ समेत राज्य के 11 जिलों में सात दिसंबर तक शीतलहर चलने की जतायी संभावना, येलो अलर्ट जारी।
5. गोड्डा में तीन दिवसीय 23वीं राज्यस्तरीय जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरु, बालकों की 21 और बालिकाओं की 9 टीमें ले रही हैं हिस्सा।

****************

झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरु हो गया है। पांच कार्यदिवस वाले सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा सत्रावधि में जारी अध्यादेशों और एटीआर की विवरणी सदन के पटल पर रखी गयीं। वहीं, शोक प्रस्ताव पेश कर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद सदन को सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थागित कर दिया गया। कुल पांच कार्य दिवसों का यह सत्र 11 दिसंबर तक चलेगा। सत्र के दूसरे कार्य दिवस पर यानि 8 दिसंबर को सरकार 11,000 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट सदन में पेश करेगी।

****************

शीतकालीन सत्र के दौरान विधि व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर एक घंटे की विशेष चर्चा होगी। शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद स्पीकर कक्ष में हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में इसका फैसला लिया गया। विधानसभाध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए एक घंटा अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया गया है।

****************

इस बीच भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सत्र के दौरान विधि व्यवस्था और भ्रष्टाचार समेत अन्य मुद्दों पर विपक्ष सरकार से जवाब तलब करेगा।

इधर, झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा है कि विपक्ष के सभी सवालों के माकूल जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष तैयार है।

****************

रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विक्रमार्क ने श्री सोरेन को हैदराबाद में आगामी 8–9 दिसंबर को आयोजित होने वाले 'तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट' में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया।

****************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अब से थोड़ी देर बाद देवघर पहुंच रहे है। आज वे भाजपा के वरीय नेताओं के साथ झारखंड की राजनीति पर विस्तार से विचार विमर्श करें। कल बाबा बैद्यनाथ की पूजा–अर्चना करने के बाद वे नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का उद्‌घाटन करेंगे। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी करेंगे। उनके स्वागत के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, चंपई सोरेन, सांसद आदित्य साहू समेत अन्य वरीय नेता देवघर पहुंच चुके हैं।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड विधान सभा में सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर निरंजन कुमार ने मुलाकात कर उन्हें श्सशस्त्र सेना झंडा दिवसश का बैज लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें श्सशस्त्र सेना झंडा दिवसश की शुभकामनाएं दीं।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के क्रियाकलापों की आलोचना की है। गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत में श्री मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर रही है।

****************

रिज़र्व बैंक ने आज नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 5 दशमलव दो पांच प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही स्थायी जमा सुविधा दर 5 प्रतिशत पर निर्धारित की जाएगी, जबकि सीमांत स्थायी सुविधा दर और बैंक दर 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर समायोजित होगी। इस कदम से होम लोन और अन्य कर्ज पर ब्याज दरों में कमी आने की संभावना है।

****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी ने बताया कि हाल ही में हुई चोरी की घटनाओं के अनुसंधान के क्रम में इन लोगों को पकड़ने में कामयाबी मिली है।

****************

नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने इंडिगो उडानों के रद्द होने और देर होने से उत्प न्न हुई अभूतपूर्व स्थिति पर नागर विमानन मंत्रालय के नियंत्रण कक्ष की लगातार निगरानी करने का आदेश दिया है। श्री नायडू ने हवाई अड्डा ऑपरेटरों, एयरलाइंस और हवाई यातायात नियंत्रण के डेटा को संगृहीत किया जा रहा है और सभी एयरलाइनों विशेषकर इंडिगो के साथ उन्हें साझा किया जा रहा है। देश भर के सभी हवाई अड्डों पर परिचालन की सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए संसाधन जुटाने और समय पर सक्रिय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

****************

सिमडेगा जिले में इस वर्ष खरीफ मौसम में धान अधिप्राप्ति के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

राजधानी रांची समेत 11 जिलों में शीतलहर चलने की चेतावनी मौसम विभाग की ओर से दी गयी है। मौसम केंद्र रांची ने आज बताया कि 6 दिसंबर को रांची, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चतरा, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिले में कहीं–कहीं शीतलहर चलेगी। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह अलर्ट 7 दिसंबर की सुबह साढ़े आठ बजे तक के लिए प्रभावी है।

****************

रांची के सांसद संजय सेठ के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव के तहत कल से दो विधानसभा क्षेत्र का फुटबॉल उत्सव प्रारंभ होगा। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से खिजरी विधानसभा क्षेत्र का फुटबॉल महासंगम कल ओरमांझी के शेख भिखारी स्टेडियम में होगा। वहीं सिल्ली विधानसभा क्षेत्र का फुटबॉल महासंगम 7 दिसंबर को सिल्ली स्टेडियम में संपन्न होगा।

****************

गोड्डा में आज से तीन दिवसीय 23वीं राज्यस्तरीय जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। प्रतियोगिता का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने किया। प्रतियोगिता में राज्य भर से बालकों की 21 और बालिकाओं की 9 टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहले दिन कुल सात मैच खेले गये। बालिका वर्ग में धनबाद ने पूर्वी सिंहभूम, लातेहार ने पश्चिमी सिंहभूम और गोड्डा ने देवघर को पराजित किया। बालक वर्ग में हजारीबाग ने जामताड़ा, धनबाद ने गुमला, पूर्वी सिंहभूम ने पलामू और बोकारो ने पाकुड़ को पराजित किया।

****************

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर चरण दो की शुरूआत के बाद मतदाताओं में पचास करोड़ 92 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। इस चरण में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं में से 99 दशमलव नौ प्रतिशत सम्मिलित किए जाएंगे। आयोग ने कहा कि अब तक लगभग 47 करोड़ फॉर्म का डिजिटिकरण किया जा चुका है। नौ राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में चार दिसंबर को मतदाता सूची में दूसरे चरण के एसआईआर की शुरूआत हुई है।

****************

आईआईटी –आईएसएम धनबाद की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे शताब्दी समारोह के दौरान आज झारखंड स्कूल इनोवेशन चौलेंज 2025 का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लेकर विज्ञान और शोध के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता दिखाई।

****************